Printed Pages – 16

# JN-309

## B.Com. (Part-II) (New Course) Examination, 2021

### Paper - I

### CORPORATE ACCOUNTING

***Time Allowed : Three Hours***

***Maximum Marks : 75***

***Minimum Pass Marks : 25***

**नोट :** सभी पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न करना अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

**Note :** Attempt all the five questions. One question from each unit is compulsory. All questions carry equal marks.

**इकाई–I / UNIT-I**

**Q. 1.** अंशों के हरण का क्या अर्थ है ? अंशों का हरण कैसे किया जाता है ? क्या हरण किये गये अंश बट्टे पर पुनः निर्गमित किये जा सकते हैं ? अंशों के हरण एवं उसके पुनः निर्गमन हेतु प्रविष्टियाँ कीजिये।

What is the meaning of forfeitures of shares ? How are shares forfeited ? Can forfeited shares be re-issued at discount ? Give entries for forfeiture and reissue of shares.





**अथवा OR**

निम्नांकित दशाओं में 'रायपुर लि.' की पुस्तकों में ऋणपत्रों के निर्गमन एवं शोधन पर आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिये :

(i) 50 ₹ वाले 1,000, 7% ऋणपत्र सममूल्य पर निर्गमित किये गये हैं और इनका शोधन सममूल्य पर किया जाना है।

(ii) 50 ₹ वाले 1,000, 7% ऋणपत्र सममूल्य पर निर्गमित किये गये हैं और इनका शोधन 4% प्रीमियम पर किया जाना है।

(iii) 50 ₹ वाले 1,000, 7% ऋणपत्र 5% कटौती पर निर्गमित किये गये हैं और इनका शोधन सममूल्य पर होना है।

(iv) 50 ₹ वाले 1,000, 7% ऋणपत्र 5% कटौती पर निर्गमित किये गये हैं और इनका शोधन 2½% प्रीमियम पर होना है।

(v) 50 ₹ वाले 1,000, 7% ऋणपत्र 4% प्रीमियम पर निर्गमित किये गये हैं और इनका शोधन सममूल्य पर होना है।

Pass the necessary journal entires in the books of 'Raipur Ltd.' at the time of issue and redemption of debenture in the following cases :

(i) 1,000, 7% debenture of ₹ 50 each are issued at par and redeemable at par.

(ii) 1,000, 7% debentures of ₹ 50 are issued at par and are redeemable at 4% premium.

(iii) 1,000, 7% debentures of ₹ 50 each are issued at 5% discount and are redeemable at par.

(iv) 1,000, 7% debentures of ₹ 50 each are issued at 5% discount and are redeemable at 2½% premium.

(v) 1,000, 7% debentures of ₹ 50 each issued at 4% premium and are repayable at par.

**इकाई–II / UNIT-II**

**Q. 2.** रीतू ट्रेडर्स कम्पनी लिमिटेड का 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिये लाभ-हानि विवरण पत्र बनाइये, विवरण निम्नानुसार है :





भवन 6,00,000 ₹, मशीन 6,60,000 ₹, अंतरिम लाभांश 75,000 ₹, स्कंध (1 अप्रैल, 2019 को) 1,50,000 ₹, फर्नीचर एवं फिक्चर्स 14,400 ₹, देनदार 1,74,000 ₹, क्रय 3,70,000 ₹, प्रारंभिक व्यय 5,000 ₹, मजदूरी 1,69,730 ₹, सामान्य व्यय 33,670 ₹, रेल एवं गाड़ी भाड़ा 26,230 ₹, वेतन 29,000 ₹, संचालकों का शुल्क 11,450 ₹, अशोध्य ऋण 4,220 ₹, ऋणपत्रों पर ब्याज 18,000 ₹, लाभ-हानि विवरण (क्रेडिट शेष) 29,000 ₹, विक्रय 8,30,000 ₹, अशोध्य ऋणों के लिये आयोजन (1 अप्रैल, 2019 को) 7,000 ₹, 12% ऋणपत्र 3,00,000 ₹।

समायोजनः

(i) अंतिम स्कंध का मूल्य 3,90,000 ₹ आंका गया।

(ii) भवन पर 5%, मशीनरी पर 25% तथा फर्नीचर व फिक्चर्स पर 10% मूल्य ह्रास की व्यवस्था कीजिये।

(iii) प्रारंभिक व्यय 1,000 ₹ अपलिखित कीजिये।

(iv) देनदारों पर अशोध्य ऋणों के लिये 5% की दर से आयोजन कीजिये।

(v) ऋणपत्रों पर आधे वर्ष का ब्याज देय है।

(vi) करों के लिये 74,000 ₹ का आयोजन कीजिये।

Prepare statement of profit and loss account of Ritu Trader's Company Ltd. For the year ending on 31st March, 2020 particular is are as under : Building ₹ 6,00,000, Machinery ₹ 6,60,000, Interim dividend ₹ 75,000, Stock (on 1st April, 2019) ₹ 1,50,000, Furniture and fixtures ₹ 14,400, Debtors ₹ 1,74,000, Purchase ₹ 3,70,000, Preliminary expenses ₹ 5,000, Wages ₹ 1,69,730, General expenses ₹ 33,670, Rail and carriage ₹ 26,230, Salaries ₹ 29,000, Director's fees ₹ 11,450, Bad debts ₹ 4,220, Interest on debentures ₹ 18,000, Profit and loss account (credit balance) ₹ 29,000, Sales ₹ 8,30,000, Provision for bad debts (on 1st April, 2019) ₹ 7,000, 12%, debentures ₹ 3,00,000.

Adjustments :

(i) Closing stock was valued at ₹ 3,90,000.

(ii) Provide depreciation at 5% on building, 25% on machinery and 10% on furniture and fixtures.





(iii) Write off preliminary expenses ₹ 1,000.

(iv) Provide 5% on debtors for doubtful debts.

(v) Interest on debentures is payable for half year.

(vi) Provide ₹ 74,000 for taxation.

**अथवा OR**

निम्न को समझाइये :

(i) हीनता या कमी का खाता

(ii) समापन एवं विघटन में अंतर

(iii) सूची 'बी' के धनदाता

Explain the following :

(i) Deficiency account

(ii) Distinguish between winding-up and dissolution

(iii) Contributory of List 'B'

**इकाई–III / UNIT-III**

**Q. 3.** श्री 'बन्टी' का व्यापार 'आर' लिमिटेड द्वारा लिया जाना प्रस्तावित है। इस उद्देश्य हेतु ख्याति का मूल्यांकन गत चार वर्षों के भारित औसत लाभों के तीन वर्षों के क्रय के आधार पर किये जाने की सहमति हुई। गणना हेतु प्रयुक्त होने वाले भार निम्नानुसार है :

2009-10 – 1, 2010-11 – 2, 2011-12 – 3, 2012-13 – 4

उक्त वर्षों के लाभ निम्नानुसार हैं :

2009-10 – ₹ 2,02,000, 2010-11 – ₹ 2,48,000, 2011-12 – ₹ 2,00,000, 2012-13 – ₹ 3,00,000

लेखा अभिलेखों की जाँच पर निम्न तथ्य पाये गये :

(अ) 1 दिसम्बर 2011 के प्लाण्ट की व्यापक मरम्मत करायी गयी थी जिस पर 60,000 ₹ की लागत आयी परन्तु उक्त व्यय आयगत लेखों में प्रविष्ट किया गया है। ख्याति की गणना हेतु उक्त व्यय का पूंजीकरण घटती किश्त पद्धति द्वारा 10% वार्षिक मूल्य ह्रास समायोजित करने के बाद करने की सहमति हुई।

(ब) वर्ष 2010-11 का अंतिम स्कंध 24,000 ₹ से अधिमूल्यांकित था।

(स) ख्याति के मूल्यांकन हेतु प्रबंधकीय लागतों का वार्षिक भार 48,000 ₹ माना गया।

ख्याति की गणना कीजिये।

'R' Ltd. prepare to purchase the business carried on by Shri 'Bunty', goodwill for this purpose is agreed to be valued at three year's purchase of the weighted average profits of the past four years.





The appropriate weights to be used are :

2009-10 – 1, 2010-11 – 2, 2011-12 – 3, 2012-13 – 4.

The profit for these years are :

2009-10 – ₹ 2,02,000, 2010-11 – ₹ 2,48,000, 2011-12 – ₹ 2,00,000 and 2012-13 – ₹ 3,00,000.

On a scrutiny of the accounts the following matters are revealed :

(a) On 1st December, 2011 a major repair was made in respect of the plant incurring ₹ 60,000, which amount was charge to revenue. The said sum is agreed to be capitalised for goodwill calculation subject to adjustment of depreciation of 10% per annum on reducing balance method.

(b) The closing stock for year 2010-11 was overvalued by ₹ 24,000.

(c) To cover management cost an annual charge of ₹ 48,000 should be made for the purpose of goodwill valuation.

Compute the value of goodwill.

**अथवा OR**

निम्नांकित अंशों का मूल्यांकन किस प्रकार किया जाता है :

(i) समता अंश (आंतरिक मूल्य विधि)

(ii) बोनस अंश

(iii) अधिकार अंश

How to valuation of following shares :

(i) Equity share (intrinsic value method)

(ii) Bonus share

(iii) Right share

**इकाई–IV / UNIT-IV**

**Q. 4.** संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये :

(i) विलय की प्रकृति का एकीकरण

(ii) एकीकरण के उद्देश्य

(iii) अन्तर कम्पनी विनियोग

Write short notes :

(i) Amalgamation in the nature of merger

(ii) Objects of amalgamation

(iii) Inter-company investment





**अथवा OR**

तारा लि. का चिट्ठा 31 मार्च, 2019 को निम्न है :

| विवरण | राशि (रु.) |
|---|---|
| (I) समता एवं दायित्व : | |
| अंशधारी कोष : | |
| अंश पूंजी : | |
| 2,000 पूर्वाधिकार अंश 150 ₹ प्रत्येक | 3,00,000 |
| 4,000 समता अंश 150 ₹ प्रत्येक | 6,00,000 |
| संचय व आधिक्य : | |
| लाभ-हानि का विवरण (डेबिट शेष) | (3,67,500) |
| गैर चालू दायित्व : | |
| 5% बंधक ऋणपत्र | 1,50,000 |
| चालू दायित्व : | |
| बैंक अधिविकर्ष | 75,000 |
| व्यापारिक देयतायें | 1,50,000 |
| | 9,07,500 |
| (II) सम्पत्ति : | |
| गैर चालू सम्पत्ति : | |
| स्थायी सम्पत्ति : | |
| मूर्त सम्पत्ति : | |
| भवन | 3,00,000 |
| मशीनरी | 4,50,000 |

| | |
|---|---|
| अमूर्त सम्पत्ति : | |
| ख्याति | 22,500 |
| चालू सम्पत्ति : | |
| स्कंध | 75,000 |
| व्यापारिक प्राप्तियाँ | 60,000 |
| | 9,07,500 |

कम्पनी ने निम्न योजना की ट्रिब्यूनल से स्वीकृत ले ली :

(i) पूर्वाधिकार अंश की राशि प्रति अंश घटाकर 112.50 ₹ पूर्ण चुकता के रूप में तथा समता अंश की राशि प्रति अंश घटकर 56.25 ₹ होना है।

(ii) ऋणपत्रधारियों ने अपनी राशि के पूर्ण चुकता के बदले में स्कंध व व्यापारिक प्राप्यों की राशि को ले लिया।

(iii) ख्याति खाता को समाप्त करना है।

(iv) भवन को 50% से ह्रासित करना है।

(v) मशीन के मूल्य को 75,000 ₹ बढ़ाना है।

जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिये एवं संशोधित चिट्ठा बनाइये।

Follwing is the balance sheet of 'Tara' Ltd. as on 31st March, 2019 :





| | Particulars | Amount (₹) |
|---|---|---|
| (I) | EQUITY & LIABILITIES : | |
| | Shareholders fund : | |
| | Share capital : | |
| | 2,000 preferential share ₹ 150 each | 3,00,000 |
| | 4,000 equity share ₹ 150 each | 6,00,000 |
| | Reserve and surplus : | |
| | Statement of P & L (Dr. Balance) | (3,67,500) |
| | Non current liabilities : | |
| | 5% mortgage debentures | 1,50,000 |
| | Current liabilities : | |
| | Bank overdraft | 75,000 |
| | Trade payables | 1,50,000 |
| | | 9,07,500 |
| (II) | ASSETS : | |
| | Non current assets : | |
| | Fixed assets : | |
| | Tangible assets : | |
| | Premises | 3,00,00 |
| | Machinery | 4,50,000 |
| | Intangible assets : | |
| | Goodwill | 22,500 |
| | Current assets : | |
| | Inventories | 75,000 |
| | Trade receivables | 60,000 |
| | | 9,07,500 |

Company got following scheme approved by the court :

(i) The preference shares to be reduced to ₹ 112.5 per share fully paid up. Equity share to ₹ 56.25.

(ii) The debentureholders took over the inventories and trade receivables in full satisfaction of the amount due to them.

(iii) The goodwill is to be eliminated.

(iv) The premises is to be depreciated by 50%

(v) The value of machinery is to be increased by ₹ 75,000

Pass journal entries and prepare revised balance sheet.

**इकाई–V / UNIT-V**

**Q. 5.** H लिमिटेड और इसकी सहायक S लिमिटेड के निम्नांकित विवरण से जो कि 31 मार्च, 2020 को बनाये गये हैं। इसी तिथि को मिश्रित चिट्ठा बनाइये। जिस तारीख को सहायक कम्पनी के 80% अंश क्रय किये हैं, उस तारीख को S लिमिटेड में संचय व लाभ क्रमशः 50,000 ₹ एवं 30,000 ₹ था।





H व S लिमिटेड का दायित्वों व सम्पत्तियों का विवरण

(31 मार्च 2019 को)

| **विवरण** | **H लिमिटेड** ₹ | **S लिमिटेड** ₹ |
|---|---|---|
| देयतायें : | | |
| अंश पूंजी | 10,00,000 | 2,00,000 |
| संचय | 4,00,000 | 1,50,000 |
| लाभ-हानि विवरण पत्र | 2,00,000 | 50,000 |
| लेनदार | 3,00,000 | 1,00,000 |
| | 19,00,000 | 5,00,000 |
| सम्पत्तियाँ : | | |
| विविध संपत्तियां | 15,80,000 | 5,00,000 |
| S. Ltd. में 1600 अंश 200 ₹ प्रति अंश की दर से | 3,20,000 | |
| | 19,00,000 | 5,00,000 |

From the following particulars of H. Ltd. and its subsidiary S. Ltd. drawn up at 31st March, 2020 prepare a consolidated balance sheet as at that date. At the date of acquisition of 80% shares in the subsidiary the reserve and statement of profit and loss of S. Ltd. amounted to ₹ 50,000 and ₹ 30,000 respectively.

Details of liabilities and assets of H. Ltd. and S. Ltd.

(as at 31st March, 2020)

| | H. Ltd. | S. Ltd. |
|---|---|---|
| | ₹ | ₹ |
| Liabilities : | | |
| Share capital | 10,00,000 | 2,00,000 |
| Reserve | 4,00,000 | 1,50,000 |
| Statement of profit and loss | 2,00,000 | 50,000 |
| Creditors | 3,00,000 | 1,00,000 |
| | 19,00,000 | 5,00,000 |
| Assets : | | |
| Sundry assets | 15,80,000 | 5,00,000 |
| Shares in S. Ltd. 1600 at ₹ 200 per share | 3,20,000 | — |
| | 19,00,000 | 5,00,000 |





**अथवा OR**

संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये :

(i) अन्तर कंपनी सौदा

(ii) अल्पमत हित

(iii) मिश्रित चिट्ठा

Write short notes :

(i) Inter company transactions

(ii) Minority interest

(iii) Consolidated balance sheet